भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 11.12.2025

आरेडिका में दृष्टिबाधित कार्मिकों के लिए विशेष तकनीकी कार्यशाला का आयोजन

महाप्रबंधक श्री प्रशांत कुमार मिश्रा के संरक्षण एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त तथा प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी के संयुक्त मार्गदर्शन में आरेडिका के राजभाषा विभाग द्वारा दृष्टिबाधित कर्मचारियों के लिए विशेष तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

यह आयोजन दृष्टिबाधित कार्मिकों के कार्यकुशलता में वृद्धि एवं उनकी क्षमताओ का सही दिशा में उपयोग सुनिश्चित करने का एक प्रयास था।

प्रशिक्षक के रूप में नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड दिल्ली से हरेंद्र कुमार और श्री शुभम कुमार ने दृष्टबाधित कर्मचारियों के लिए उपयोगी तकनीकी सॉफ्टवेयर यथा चैट जीपीटी, जैमिनी, रेलवे के आंतरिक सॉफ्टवेयर ई–ऑफिस प्रणाली और दैनिक प्रशासनिक कार्यों को कुशलतापूर्वक संभालने के लिए आवश्यक कंप्यूटर अनुप्रयोगों का उपयोग करना सिखाया गया। प्रशिक्षण केवल सैद्धांतिक नहीं था बल्कि इसमें वास्तविक समय के कार्यालय परिदृश्यों पर व्यावहारिक अभ्यास शामिल थे ताकि कर्मचारी अपने कार्यक्षेत्र में इन उपकरणों का प्रभावी ढंग से उपयोग कर सकें ।

इस कार्यशाला में हरे कृष्णा योगी, उपासना अवस्थी, अम्बुज कुमार सिंह, सुबोध गांधी, गोवर्धन गौर, सौरव कुमार , राजेश पाल आदि ने सहभागिता की। कार्यक्रम राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन के कुशल दिशानिर्देशन में संपन्न हुआ।

11.12.2025

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी